# आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

## प्रादेशिक समाचार

दिनांक: 14.03.2026 समय : 18.30 पीएम

- **पेट्रोलियम पदार्थों की कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए राजस्थान सहित कई राज्यों में छापेमारी और औचक निरीक्षण किये जा रहे है।**
- **सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजमार्ग–48 के जयपुर–किशनगढ़ खंड को 6–लेन बनाने के लिए 910 करोड़ 90 लाख रुपये की मंजूरी दी।**
- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–सरकार का प्रयास प्रदेश को स्वास्थ्य और स्वच्छता के क्षेत्र में देशभर में अग्रणी बनाना है।**
- **केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत लद्दाख के सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की हिरासत रद्द की।**

00000

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा है कि पेट्रोलियम पदार्थों की कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने में राज्य सरकारों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। आज नई दिल्ली में मीडिया को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि कालाबाजारी रोकने के लिए लगातार छापेमारी और औचक निरीक्षण किए जा रहे हैं। सुश्री शर्मा ने बताया कि राजस्थान सहित कई राज्यों में औचक निरीक्षण और छापेमारी की कार्यवाही की है।

**0000**

केंद्र सरकार ने जयपुर और अजमेर के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग–48 के जयपुर–किशनगढ़ खंड को 6–लेन बनाने के लिए 910 करोड़ 90 लाख रुपये की मंजूरी दी है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बताया कि लगभग 90 किलोमीटर लंबे इस मार्ग पर फ्लाईओवर और सर्विस रोड का निर्माण भी किया जाएगा। इस परियोजना के पूरा होने के बाद जयपुर से किशनगढ़ के बीच यात्रा का समय 2 घंटे से घटकर मात्र 1 घंटा रह जाएगा। नए निर्माण से स्थानीय यातायात अलग होगा और दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त किया है। सोशल मीडिया पर धन्यवाद **देते हुए** मुख्यमंत्री ने कहा **कि केन्द्र सरकार के** प्रयासों से 'नये राजस्थान' के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं।

0000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि सरकार प्रदेश के हर वर्ग के समावेशी विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। आज जयपुर के भांकरोटा में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री शर्मा ने यह बात कही। मुख्यमंत्री ने युवाओं से अपील की कि वे नौकरी लेने वाले नहीं, बल्कि नौकरी देने वाले बनें। उन्होंने बताया कि सरकार चार लाख सरकारी और छह लाख निजी क्षेत्रों में रोजगार देने के वादे को पूरा कर रही है, जिसके तहत अब तक सवा लाख से अधिक नियुक्तियां दी जा चुकी हैं। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि राज्य सरकार जल और बिजली सहित हर क्षेत्र के विकास के लिए विस्तृत रोडमैप बनाकर काम कर रही है।

0000

राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की कड़ी में आज मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर के अल्बर्ट हॉल से प्रदेशव्यापी स्वच्छता संकल्प और जागरूकता कार्यक्रम की शुरूआत की। मुख्यमंत्री ने **खुद** श्रमदान कर प्रदेशवासियों को साफ–सफाई का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास राजस्थान को स्वच्छता और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अग्रणी बनाना है। श्री शर्मा ने बताया कि प्रदेश के लगभग सभी गांव ओडीएफ प्लस घोषित किए जा चुके हैं और राजस्थान 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान में देश में पहले स्थान पर रहा है। एक अन्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को राजस्थान दिवस की बधाई देते हुए राज्य के निर्माण में सरदार वल्लभ भाई पटेल की ऐतिहासिक भूमिका को याद किया।

00000

केंद्र सरकार ने लद्दाख के सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की हिरासत तत्काल प्रभाव से रद्द करने का निर्णय लिया है। श्री वांगचुक पिछले करीब 170 दिनों से जोधपुर जेल में बंद थे। उन्हें 24 सितंबर 2025 को लद्दाख प्रशासन द्वारा हिरासत में लिया गया था। सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उनकी हिरासत समाप्त करने का फैसला किया है। सरकार की ओर से आज एक औपचारिक बयान जारी कर कहा गया कि इस निर्णय का मुख्य उद्देश्य लद्दाख में शांति, स्थिरता और आपसी विश्वास का वातावरण तैयार करना है ताकि सभी हितधारकों के साथ सार्थक संवाद सुगम हो सके। सरकार ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में जारी विरोध प्रदर्शनों से पर्यटन, व्यवसाय और छात्रों की शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था। उम्मीद है कि अब उच्चाधिकार समिति और अन्य मंचों के माध्यम से क्षेत्र की समस्याओं का सकारात्मक समाधान निकाला जा सकेगा।

0000

केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा है कि देश अब एक नई सांस्कृतिक जागृति के दौर में प्रवेश कर रहा है और भारत अपनी विरासत को फिर से स्थापित करने के लिए तैयार है। आज जोधपुर के जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय में आयोजित 'भारत की विश्व विरासतः राजस्थान' प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही। श्री शेखावत ने देश की प्राचीन पांडुलिपि परंपरा का जिक्र करते हुए कहा कि हजारों वर्षों से विद्वानों ने ताड़पत्रों, भोजपत्रों और रेशमी कपड़ों पर ज्ञान को संजोया है। उन्होंने इन पांडुलिपियों को भारत की अनमोल बौद्धिक निधि बताया।

0000

डीग जिले के किसानों को राष्ट्रीय बागवानी मिशन के अंतर्गत आधुनिक उद्यानिकी तकनीक और प्रसंस्करण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कुम्हेर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के 100 से अधिक प्रगतिशील किसान आधुनिक खेती के गुर सीख रहे हैं। उद्यानिकी विभाग के सहायक निदेशक पप्पू यादव ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान किसानों को उन्नत बागवानी के साथ–साथ सरकार की किसान कल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी जा रही है। इस पहल का उद्देश्य किसानों को नयी तकनीकों से जोड़कर उनकी उपज और आय में बढ़ोतरी करना है।

0000

सिरोही के दशहरा मैदान में जिला प्रशासन और महिला अधिकारिता विभाग की ओर से अमृता हाट मेला लगाया गया है। राज्य के ग्रामीण विकास और पंचायती राज राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने इस मेले का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद राज्यमंत्री ने विभिन्न स्टॉलों पर जाकर उत्पादों का अवलोकन किया और महिला स्वयं सहायता समूहों का उत्साहवर्धन किया। इस मेले का उद्देश्य महिला समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराना और उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है।

0000

पाली के रामलीला मैदान में जिला प्रशासन और आयुर्वेद विभाग द्वारा संभाग स्तरीय आरोग्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। 15 मार्च तक चलने वाले इस मेले का उद्देश्य आयुष पद्धतियों को बढ़ावा देना और पारंपरिक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाना है। मेले में आयुर्वेद, योग, यूनानी और होम्योपैथी के विशेषज्ञों द्वारा निःशुल्क परामर्श और दवाइयां दी जा रही हैं।

0000

राज्य के कई हिस्सों में बादल छाने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। चूरू, अलवर और पिलानी सहित कई शहरों में पारा चार डिग्री सेल्सियस तक नीचे आया है। पिछले 24 घंटों में सर्वाधिक तापमान बाड़मेर में 39.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि शेखावाटी अंचल में यह 35 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र ने कल जयपुर, अजमेर और भरतपुर संभाग सहित 18 जिलों में आंधी और बूंदाबांदी की संभावना जताई है। कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि भी हो सकती है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 19 से 21 मार्च के बीच राज्य में एक बार फिर आंधी और बारिश का दौर चलने का पूर्वानुमान है। विभाग के अनुसार, अगले एक सप्ताह तक प्रदेश में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे बना रहेगा।

0000

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल चित्तौड़गढ़ के दौरे पर रहेंगे। वे यहाँ आयोजित जौहर श्रद्धांजलि समारोह और विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, श्री आदित्यनाथ चित्तौड़गढ़ दुर्ग स्थित विजय स्तंभ पर यज्ञ की पूर्णाहुति में शामिल होंगे। इसके बाद वे कालिका माता मंदिर में पूजा–अर्चना करेंगे। उनका ईनाणी सिटी सेंटर में आयोजित मुख्य समारोह को संबोधित करने का कार्यक्म है। **इसके बाद वे** जालौर के लिए रवाना होंगे।

0000